No. of Printed Pages : 7

**एम.आर.पी.-003**

# रेडियो प्रसारण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम
## (PGDRP)

## सत्रांत परीक्षा

## दिसंबर, 2011

## एम.आर.पी.-003 : रेडियो लेखन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के* ***अंक समान*** *हैं।*

1. नीचे दिए गए समाचारों के आधार पर तीन मिनट का एक रेडियो समाचार बुलेटिन तैयार करें : 20

(क) लंदन, 9 अक्टूबर। यमन के राष्ट्रपति अली अब्दुल्लाह सालेह ने कहा है कि वह आने वाले दिनों में इस्तीफा दे देंगे। इससे पहले भी कई बार वह इस्तीफे की पेशकश करके आखिरी वक्त पर मुकर चुके हैं।

बीबीसी के मुताबिक यमन लौटने के बाद सरकारी टेलीविजन को दिए पहले साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मैं सत्ता को पसंद नहीं करता। मैं आने वाले दिनों में पद छोड़ रहा हूँ। मैं सत्ता के लिए लालायित नहीं हूँ। हालांकि उन्होंने सत्ता छोड़ने की कोई निश्चित तारीख नहीं बताई।

उन्होंने कहा कि यहां पर सच्चे लोग हैं चाहे वह सेना हो या समाज। वे यमन को नेतृत्व देने में सक्षम हैं।

जून में हुए हमले में घायल सालेह पिछले महीने अचानक सऊदी अरब से स्वदेश लौट आए थे। देश लौटने पर उन्हें आम लोगों एवं सेना की असंतुष्ट इकाई के विरोध का सामना करना पड़ा था। सालेह ने खाड़ी देशों के प्रस्तावित सत्ता हस्तांतरण योजना पर भी हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया था। लेकिन यमन के उप सूचना मंत्री ने बीबीसी से कहा कि सालेह लम्बे समय तक सत्ता से चिपके नहीं रहेंगे।

सालेह ने कहा कि अगर उनके विरोधियों को चुनाव लड़ने की इजाज़त दी गई तो वह पद नहीं छोड़ेंगे। उधर राष्ट्रपति के वादे पर अविश्वास प्रकट करते हुए इस वर्ष शांति के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित महिला तवाक्कुल करमान ने कहा कि हम इस व्यक्ति पर विश्वास नहीं कर सकते। यदि वह पद छोड़ना चाहते हैं तो छोड़ दें।

(ख) अहमदाबाद, 9 अक्टूबर। गुजरात आईपीएस एसोसिएशन ने एक प्रस्ताव पारित कर निलम्बित आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को समर्थन देने का निर्णय किया। भट्ट के खिलाफ उनके एक अधीनस्थ कर्मचारी द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद से उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बताया कि अतुल कारवाल और वी. एम. पारघी सहित तीन आईपीएस अधिकारी बाद में भट्ट के आवास पर गए और उनके परिवार के संदस्यों को एसोसिएशन के प्रस्ताव से अवगत कराया।

भट्ट की पत्नी श्वेता ने कहा कि तीन आईपीएस अधिकारी हमारे घर आए और हमें कहा कि सत्य की लड़ाई में एसोसिएशन उनका समर्थन करेगा।

(ग) विशाखापत्तनम, 9 अक्टूबर। भारत ने अनुशासित प्रदर्शन के दम पर कम स्कोर वाले मैच में रविवार को श्रीलंका को पाँच रन से हराकर अंडर-19 चतुष्कोणीय एक दिवसीय टूर्नामेंट जीत लिया है। लीग चरण में चोटी पर रहने वाली भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए अक्षदीप नाथ की 55 रन की धैर्यपूर्ण पारी के बावजूद 168 रन पर सिमट गई। टास हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने 14 वें ओवर तक 37 रन पर पाँच विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद नाथ ने टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुँचाया। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद मेज़बान टीम को ज़ोरदार वापसी दिलाते हुए 3.1 ओवर शेष रहते श्रीलंका को 163 रन पर ढेर कर दिया।

(घ) नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। दवा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को लेकर सरकार के भीतर ही जारी मतभेदों के बीच प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह द्वारा सोमवार को इस

बारे में अपने वरिष्ठ मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ समीक्षा किए जाने की संभावना है।

सूत्रों ने बताया कि इस मुद्दे पर योजना आयोग के सदस्य अरूण मेड़ा की अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी रपट प्रधानमंत्री को सौंप दी है। इस समिति में स्वास्थ्य, उद्योग, विधि तथा वित्त मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे और समिति की रपट पर कोई सहमति नहीं बन पाई है।

ऐसा माना जाता है कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने रपट पर असहमति पत्र देते हुए बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भारतीय दवा कंपनियों के अधिग्रहण पर पूरी प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि 2006 के बाद दवा क्षेत्र में विलय एवं अधिग्रहण के अनेक सौदे हुए हैं जिनमें बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने रेनबेक्सी व पिरामल हेल्थकेयर जैसी घरेलू कंपनियों का अधिग्रहण किया है। सरकार तथा समाज में भी इसको लेकर चिंता है कि इन विलय एवं अधिग्रहण सौदों के कारण जेनरिक दवाओं के दाम बढ़ें हैं।

(ङ) वॉशिंगटन, 9 अक्टूबर। गंगा उल्टी बह चली है। ताजा आर्थिक संकट ने दुनिया की सूरत बदलकर रख दी है। कभी जो हमारे आका बने हुए थे, अब वही हमारे आगे आस की झोली फैलाकर खड़े हो गए हैं। समय का चक्र

ही है कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका, भारत, चीन और ब्राजील जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं से अपने यहां निवेश बढ़ाने को कह रहा है। इसके सहारे उसने रोजगार की बढ़ती समस्या से निपटने के मंसूबे पाले हैं।

राष्ट्रपति की रोजगार व प्रतिस्पर्धात्मकता परिषद की शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन और कार्यवाहक वाणिज्य मंत्री रेबेका ब्लैक समेत देश के तमाम आला उद्योगपति मौजूद थे। जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी के चेयरमैन और सीईओ जेफ्री इमेल्ट ने कहा कि चीन, भारत, ब्राजील जैसी जगहों से हमारे यहां सीधा निवेश नाममात्र है। यहां अभी लोगों के पास काफी धन है। लिहाजा कोई वजह नहीं है कि ये देश अमेरिका में उससे ज्यादा निवेश नहीं कर सकते, जितना वे अभी कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि अगर इन देशों से प्रत्यक्ष विदेश निवेश बढ़ता है कि तो उनके यहां स्थितियां सुधर सकती है।

ईस्टमैन कोडक कंपनी के चेयरमैन और सीईओ एंटोनियो पेरेज ने कहा कि अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था सिर्फ इसलिए बना क्योंकि यह निवेश और विकास के लिए सबसे अच्छी जगह था। विश्व में सबसे अधिक निवेश यहीं हुआ है। लेकिन अब इन

रुझानों में बदलाव दिख रहा है। जहां 90 के दशक में यहां ग्लोबल निवेश का 25 प्रतिशत हिस्सा था, वहीं अब यह सिर्फ 12 प्रतिशत रह गया है।

(च) सिरते, 9 अक्टूबर। लीबिया के नए शासन के लड़ाकों की मुअम्मर गद्दाफी के गृह नगर सिरते पर पूर्ण कब्जा करने की कोशिशों के तहत पिछले दो दिन में हुए संघर्ष में 18 लोगों की मौत हो गई है और करीब 300 घायल हो गए। यह जानकारी अस्पताल के सूत्रों ने दी।

बताया गया है कि राष्ट्रीय परिवर्ती परिषद [एनटीसी] के लड़ाकों ने गद्दाफी के वफादारों से सिरते में अब तक की सबसे भीषण लड़ाई लड़ी। एनटीसी प्रमुख मुस्तफा अब्दुल जलील ने कहा कि सिरते और वनी वलीद के लिए लड़ाई भीषण होगी।

सिरते के 50 किलोमीटर पश्चिम में स्थित एक फील्ड अस्पताल के प्रभारी हसन उमरान ने बताया कि अकेले शुक्रवार को 17 लोग मारे गए और 230 घायल हो गए। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति कल मारा गया और 58 घायल हो गए।

लीबिया के अंतरिम शासन के बलों ने शनिवार को रणनीतिक बढ़त बना ली। उन्होंने चार लेन के एक मार्ग पर कब्जा कर लिया जो गद्दाफी के बलों के ठिकाने पर अंतिम हमले का रास्ता खोलता है।

2. अपने गृहराज्य के पर्यटन विभाग के लिए रेडियो विज्ञापन एवं तम्बाकू निषेध संबंधी तीन जन-सूचनाओं का आलेख (स्क्रिप्ट) तैयार करें। **20**

3. बाल मजदूरी पर 10 मिनट की रेडियो डॉक्यूमेंट्री का आलेख (स्क्रिप्ट) तैयार करें। **20**

**अथवा**

शिक्षा के अधिकार पर 5 मिनट की एक रेडियो वार्ता तैयार करें।

4. कहानी के रेडियो नाट्य रूपांतरण की समस्याओं और उनके समाधानों का उदाहरण सहित वर्णन करें। **20**

**अथवा**

बच्चों के लिए एक शिक्षाप्रद रेडियो नाटक की स्क्रिप्ट तैयार करें।

5. शिक्षा के क्षेत्र में रेडियो की भूमिका की चर्चा उदाहरण सहित करें। **20**

**अथवा**

30 मिनट के शैक्षणिक रेडियो कार्यक्रम की रूपरेका तैयार करें।